# तीज पर्व के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बना रहीं हैं गुजियां/पेड़किया

**तीज पर्व** | स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बना रही गुजिया, पड़किया

## क्रेडिट लिंकेज के लाभ से किया स्वरोजगार



तीज पर्व के मद्देनजर सरस्वती महिला समूह की महिलाएं गुजिया बनाती हुई ● जागरण

**जासं जमशेदपुर :** तीज पर्व के मद्देनजर मानगो नगर निगम के अंतर्गत संचालित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं गुजिया व पड़किया बना रही हैं।

सरस्वती महिला समिति दाईगूटू, मानगो की महिलाएं स्वरोजगार से जुड़कर कार्य करने के उद्देश्य से गुजिया बना रही है। मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने बताया कि मानगो नगर निगम अंतर्गत संचालित 40 से ज्यादा स्वयं सहायता समूह विभिन्न तरह के कार्य कर रही है। महिलाएं द्वारा हस्त निर्मित सामग्री बनाकर एवं स्वनिर्मित उत्पादों की बिक्री कर स्वरोजगार से जुड़ रही है। उन्होंने बताया कि महिला समूहों को कार्यालय स्तर से दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना के तहत बैंकों से क्रेडिट लिंकेज का लाभ दिला कर लाभान्वित किया जा रहा है।